# देवी अहिल्या विश्वविद्यालय

*प्रो. अजय कुमार,* *प्रभारी ग्रंथपाल, (केंद्रीय ग्रंथालय)*
*तक्षशिला परिसर, खंडवा रोड इंदौर – 452 001*

क्र.- केंद्रीय ग्रंथालय 2019-20 /435 दिनांक - 26.06.2019

## सूचना

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के केंद्रीय ग्रंथालय खंडवा रोड एवं विद्यार्थी भवन ग्रंथालय आर. एन. टी. मार्ग का उपयोग करने वाले विश्वविद्यालय के समस्त अध्ययनशाला के शिक्षको, अधिकारियों, शोधार्थी, छात्रों, कर्मचारियों एवं ग्रंथालय उपयोग करने वाले महाविद्यालय के शिक्षक, महाविद्यालय के छात्र, प्रतियोगी परीक्षा के छात्र एवं अन्य बाहरी सदस्यों एवं अन्य समस्त को सूचित किया जाता है की सत्र 2019-20 के लिए 1 जुलाई 2019 से केंद्रीय ग्रंथालय देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, खंडवा रोड, इंदौर एवं आर.एन.टी मार्ग स्थित विद्यार्थी भवन ग्रंथालय में माननीय कार्य परिषद् द्वारा स्वीकृत 2018-19 की दर से वार्षिक सदस्यता शुल्क एवं अमानत राशी से सदस्यता प्रदान की जावेगी.

विश्वविद्यालय के समस्त अध्ययनशाला के शिक्षको, अधिकारियों, शोधार्थी, छात्रों, कर्मचारियों एवं ग्रंथालय उपयोग करने वाले महाविद्यालय के शिक्षक, महाविद्यालय के छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से फॉर्म डाउनलोड कर दिनांक 01.07.2019 से 15.08.2019 तक ग्रंथालय में जमा कर नवीन दर से पूर्ण अमानत राशी एवं सदस्यता शुल्क जमा कर ग्रंथालय के सदस्य बन सकते हैं.

प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु जो सदस्य ग्रंथालय की सदस्यता लेना चाहते हैं अथवा जो सदस्य नवीनीकरण करना चाहते हैं ऐसे सभी सदस्य विश्वविद्यालय की वेबसाइट से फॉर्म डाउनलोड कर दिनांक 01.07.2019 से 10.07.2019 तक ग्रंथालय में जमा करदे. प्रतियोगी परीक्षा के आधार पर जिन छात्रो ने पूर्व मे सदस्यता प्राप्त की थी उनमे से जिनके तीन वर्ष पूर्ण हो चुके हैं उन्हे सदस्यता नवीनीकरण की पात्रता नही होगी. अतः 2017-18 एवं 2018-19 मे जिन छात्रो ने सदस्यता प्राप्त की हैं सिर्फ़ वही छात्र सदस्यता हेतु पात्र होंगे. इस वर्ग के लिए छात्रों की संख्या निर्धारित सीट से अधिक होने पर इस वर्ष लाटरी के द्वारा सदस्यता प्रदान की जावेगी. बचे हुए फॉर्म लाटरी के क्रम के अनुसार जमा कर लिए जावेंगे

# देवी अहिल्या विश्वविद्यालय

*प्रो. अजय कुमार,* *प्रभारी ग्रंथपाल, (केंद्रीय ग्रंथालय)*

*तक्षशिला परिसर, खंडवा रोड इंदौर – 452 001*

परन्तु जगह की उपलब्धता होने पर ही क्रम-अनुसार फीस जमा करने की अनुमति प्रदान की जावेगी.

पूर्व व्यवस्था के अनुसार खंडवा रोड स्थित केंद्रीय ग्रंथालय में यू.टी.डी. के छात्र एवं प्रतियोगी परीक्षा देने वाले छात्रों को सदस्यता दी जावेगी, वहीँ आर.एन.टी. मार्ग स्थित विद्यार्थी भवन ग्रंथालय पर महाविद्यालय के छात्र एवं प्रतियोगी परीक्षा देने वाले छात्रों को सदस्यता की व्यवस्था रहेगी.

**केंद्रीय ग्रंथालय तक्षशिला परिसर एवं ग्रंथालय एवं वाचनालय नालंदा परिसर हेतु 1 जुलाई 2018 से कार्यपरिषद द्वारा स्वीकृत दर**

| क्र. | वर्ग | सुरक्षा निधि | वार्षिक नवीनीकरण | विलम्ब शुल्क (प्रति दिवस) | गेट पास (स्मार्ट कार्ड) प्रदाय किये जाने पर | निर्गत पुस्तकों की संख्या एवं दिवस |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | यू.टी.डी. (नियमित एवं एम्.फिल) के विद्यार्थी | 1000/ | 300/ | 2/ | 50/ | 2<br>15 दिवस |
| 2 | पी.एच.डी. के शोधार्थी | 1000/ | 2000/ | 2/ | 50 | 2<br>15 दिवस |
| 3 | यू.टी.डी. के संविदा एवं अथिति शिक्षक | 1000/ | 00/ | 2/ | 50 | 2<br>30 दिवस |
| 4 | यू टी. डी. के नियमित / स्ववित्त शिक्षक / कर्मचारी | 00/ | 00/ | 00/ | 00/ | 15/Lec or Reader<br>25/Prof<br>1/Emp |
| 5 | ** अन्य विद्यार्थी | 2000/ | 500/ | 2/ | 50/ | 1<br>15 दिवस |
| 6 | शासकीय / अशासकीय महाविद्यालय के शिक्षक | 2000/ | 00/ | 2/ | 50/ | 2<br>30 दिवस |
| 7 | **बी. पी. एल. कार्ड धारक छात्र** पुराना दर | 200/ | 40/ | 2/ | 50 | 1<br>15 दिवस |

**नोट:**

1. **कार्य परिषद् के निर्णयानुसार बी.पी.एल. कार्ड धारको को नए शुल्क वृद्धि में शिथिलता प्रदान करते हुए उन्हें पुराने दर से शुल्क जमा किये जाने की अनुमति प्रदान की जाती है.**

2. अन्य विद्यार्थी के अंतर्गत शासकीय / अशासकीय महाविद्यालय के छात्र प्रतियोगी परीक्षा देने वाले छात्र एवं अन्य सभी इंदौर के नागरिक होंगे. प्रतियोगी परीक्षा देने वाले छात्रों की संख्या उपलब्ध सुविधा के अनुसार सीमित रखी जावेगी. जगह की उपलब्धता नहीं होने पर सदस्यता बंद करने का अधिकार ग्रंथपाल का होगा.
3. प्रतियोगी परीक्षा देने वाले छात्र प्रतियोगी परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु प्रमाणित दस्तावेज , फीस की रसीद / एडमिट कार्ड , सदस्यता फॉर्म के साथ जमा करें. प्रतियोगी परीक्षा के सदस्यों को अधिकतम तीन वर्ष की सदस्यता प्रदान की जावेगी जिससे नए छात्रों हेतु जगह उपलब्ध हो सके.
4. प्रतियोगी परीक्षा देने वाले पूर्व सदस्य यदि अपनी सदस्यता का नवीनीकरण प्रति वर्ष 15 जुलाई तक नहीं करवाते हैं, उनकी सदस्यता स्वतः रद्द मानी जावेगी.
5. यू.टी.डी एवं महाविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र अपनी पूर्व सदस्यता का नवीनीकरण प्रतिवर्ष 15 अगस्त तक अनिवार्य रूप से करवा ले.
6. मेम्बरशिप फॉर्म डाउनलोड करने के लिए विश्वविद्लय के वेबसाइट https://www.dauniv.ac.in/Downloads.php से प्राप्त करे.

**(डा. अजय कुमार)**
**प्रभारी ग्रंथपाल**
**देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर**

**प्रतिलिपि:**

1. कुलपति जी के सचिव, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर
2. कुलसचिव, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर
3. समस्त विभागाध्यक्ष, यू.टी.डी. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर
4. समस्त प्राचार्य (शासकीय / अशासकीय ) महाविद्यालय, इंदौर (वेबसाइट के माध्यम से)
5. प्रभारी, आई.टी.सेंटर को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करवाने हेतु
6. सूचना पटल, केंद्रीय ग्रंथालय, तक्षशिला परिसर, इंदौर
7. सूचना पटल विद्यार्थी भवन ग्रंथालय नालय, नालंदा परिसर, इंदौर

**प्रभारी ग्रंथपाल**
**देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर**